प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के दो सक्रिय सदस्य रांची से गिरफ्तार।
2. राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई नौ, बढ़ायी गयी सतर्कता, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा–हालात पर रखी जा रही है पैनी नजर।
3. जेईई एडवांस की परीक्षा में झारखंड के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, रांची के अनस बने राज्य के टॉप स्कोरर, देशभर में मिली 42वीं रैंक।
4. रांची, दुमका और पलामू समेत कई जिलों में आज बारिश और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
5. रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्र वुडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड बना चैंपियन, राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता के लिए राज्य की टीम घोषित।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने रांची के बुढ़मू से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से हथियार और कारतूस भी मिले हैं। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को यह कामयाबी मिली है।

*******************

राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या नौ तक पहुंच गयी है। रांची में सबसे अधिक चार सक्रिय संक्रमित हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। जांच में भी तेजी लायी गयी है। इस बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य सरकार की हालात पर पैनी नजर है। उन्होंने दोहराया कि कोरोना से घबराने की जरुरत नहीं है।

*******************

आईआईटी कानपुर ने जेईई एडवांस –2025 का परिणाम जारी कर दिया है। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में झारखंड के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा है। रांची के अनस राज्य में टॉप स्कोरर बने हैं। उन्हें देशभर में 42वीं रैंक हासिल हुई है। जानकारी के अनुसार धनबाद के अभिनीत पांडेय को 101वीं, गुमला के हर्षित अग्रवाल को 123वीं और दुमका के हर्ष गुप्ता को 210वीं रैंक मिली है। राज्य के कई अन्य छात्रों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

*******************

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज – एनबीईएमएस ने नीट–पीजी परीक्षा स्थगित कर दी है। यह परीक्षा इस महीने की 15 तारीख को होनी थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बोर्ड ने नीट–पीजी परीक्षा को एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का फैसला किया है। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा के लिए अधिक केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इसे स्थगित किया गया है। बोर्ड ने कहा कि परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

*******************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार आज सरायकेला–खरसावां जिले के आर्काजैन यूनिवर्सिटी,गम्हरिया के तृतीय दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। समरोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। राज्यपाल के आगमन को लेकर कल शाम उपायुक्त नितिश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सरायकेला–खरसावां मुकेश लूनायत ने तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

*******************

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सोमवार को एक बड़ा विमान हादसा होते–होते टल गया। पटना से रांची आ रही इंडिगो फ्लाइट के पक्षी से टकरा जाने के बाद पायलट को मजबूरी में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। एयरपोर्ट के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पक्षी के टकराने के बाद पायलट ने लगभग 40 मिनट तक रांची में हवा में विमान उड़ाया और हालात को संभालते हुए सुरक्षित लैंडिंग कराई।

******************

धनबाद के बलियापुर प्रखंड में आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा ओबी डंप किए जाने से जिला प्रशासन और कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई बीसीसीएल के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

******************

आज विश्व साइकिल दिवस है। इसे लेकर झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। साइकिल फिर से हमारी फिटनेस, पर्यावरण और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुकी है। रांची में भी लोगों के लिए साइकिल एक्सरसाइज का एक जरिया बन गयी है।

******************

- रामगढ़ में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध चलाये गये जांच अभियान में 120 किलोग्राम मिलावटी पनीर और 750 किलो मिलावटी खोवा जब्त किया गया है। इस सिलसिले में तीन यात्री बसों पर जुर्माना भी लगाया गया है।
- सरायकेला–खरसावां जिले में पुलिस ने लूटकांड में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से हथियार और कारतूस समेत कई अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।
- गुमला की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

******************

मौसम विभाग ने रांची, दुमका और पलामू समेत राज्य के उत्तर पूर्वी भाग में आज बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि छह जून तक राज्य के कई हिस्सों में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है लेकिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई फेरबदल नहीं होगा।

******************

रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्र महिला–पुरुष वुडबॉल चैंपियनशिप का खिताब झारखंड ने जीत लिया है। प्रतियोगिता के सिंगल्स में अजित गोप पहले नागेश्वर कुमार दूसरे और राजेश गोप तीसरे स्थान पर रहे। बालिकाओं के सिंगल्स में पियाली चटर्जी पहले, रानी कुमारी दूसरे और गायत्री कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष डबल्स में विप्लव और लालटू की जोड़ी को पहला स्थान मिला।

इधर, राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम की घोषणा कर दी गयी है। यह प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश में होगी। इस बीच राज्य के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशक संदीप कुमार ने 11 और 12 जून को रांची में झारखंड ओलंपिक संघ और इससे संबंधित खेल संघों की बैठक बुलायी है। बैठक में राष्ट्रीय खेलों और खेलो इंडिया यूथ गेम्स सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए राज्य के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की रणनीति तैयार की जायेगी।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेईई एडवांस परीक्षा परिणाम की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– झारखंड के छात्रों ने दिखाया दम।

दैनिक भास्कर लिखता है– पटना से रांची आ रहा विमान पक्षी से टकराया, बड़ा हादसा टला।

प्रभात खबर के शब्द हैं– मिलरों के पास अटका 228 करोड़ का धान, किसानों को भुगतान नहीं।

दैनिक जागरण ने लिखा है– झारखंड में हिट एंड रन मामलों में घायलों का होगा कैशलेस इलाज, मिलेगी राहत।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने नार्थ सिकिम्म के आर्मी कैंप में लैंड स्लाइड से तीन सैनिकों की मौत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है जबकि द टाइम्स ऑफ इंडिया ने राहुल गांधी द्वारा गैर जमानती वारंट के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******************